प्रेस नोट
थाना को0 अकबरपुर
जनपद अम्बेडकरनगर

जनपद अम्बेडकरनगर थाना को0अकबरपुर व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-286/2026 धारा 103(1)/123 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आमिर पुत्र जान मोहम्मद का पुलिस मुठभेड के दौरान एनकाउंटर किया गया।

जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री प्राची सिंह व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (पश्चिमी) श्री हरेन्द्र कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) डॉ0 तेजवीर सिंह के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण एवं तलाश वांछित अपराधियो की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी नगर महोदय श्री नितीश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण मे आज दिनांक 04.05.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-286/2026 धारा 103(1)/123 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आमिर पुत्र जान मोहम्मद निवासी मीरानपुर कसाई बाड़ा थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर की तलाश की जा रही थी। मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त आमिर पुत्र जान मोहम्मद इस समय गौहन्ना बाईपास से टाण्डा की ओर जा रहा है। सूचना पर संयुक्त पुलिस टीमे रवाना हुई जैसे ही सुडारी अफजलपुर के मोड़ पहुचे एक व्यक्ति मोटर साईकिल से आता हुआ दिखाई दिया। सामने से आ रहे व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति द्वारा एक पिस्टल निकालकर पुलिस पार्टी पर सीधा फायर कर दिया गया जो उ0नि0 विनोद यादव के सीने पर लगी बुलट प्रुफ जैकेट पहने होने के कारण उ0नि0 विनोद यादव को कोई चोट नहीं आयी। फायर की आवाज पर पुलिस पार्टी ने अपनी सुरक्षित पोजिशन ली गयी। तब तक पुलिस पार्टी की दो अन्य टीमे भी गौहन्ना बाईपास की तरफ से मौके पर आ गयी । अपने आपको घिरा देखकर वह व्यक्ति ग्राम सुडारी अफजलपुर की तरफ खड़जा मार्ग पर अपनी मोटरसाईकिल मोड़ कर भागने लगा पुलिस पार्टी द्वारा आत्म समर्पण के लिए कहा गया तो व्यक्ति द्वारा पुलिस पार्टी पर लगातार भागते हुए मुड़ मुड़ कर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने लगा। पुलिस पार्टी द्वारा खड़जे के किनारे खंती/नहरीया में आड़ लेते हुए उस व्यक्ति को पुलिस पार्टी सिखलाये गये तरीके से अपना बचाव करते हुए प्रभारी निरीक्षक को0 अकबरपुर व सर्विलांस प्रभारी विनोद यादव का0 दिव्यांशु, हे0का0 सुनिल कुमार तथा उ0नि0 जय प्रकाश यादव अपनी जान की परवाह न करते हुए सिखलाये हुए तरीके से बदमाश को ललकारते हुए आगे बढ़ने लगे तो उपरोक्त बदमाश द्वारा लक्ष्य करके पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से पुनः फायर करने लगा जो का0 जाकिर हुसैन के बाये हाथ व उ0नि0 यादव राजेश रामदेव के भी बाये हाथ लगी जान मुसिबत में पड़ते देख पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ नियंत्रित जबाबी कार्यवाही की गयी। थोड़ी देर में बदमाश की तरफ से फायर आना बन्द हो गया मौके पर जा कर समय करीब 05.55 बजे देखा तो एक बदमाश पेड़ के पास घायल अवस्था में बेसुध पड़ा है जिसे देखने पर उस व्यक्ति की पहचान की गयी जो थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-286/2026 धारा 103(1)/123 बीएनएस का वांछित अभियुक्त आमिर पुत्र जान मोहम्मद निवासी मीरानपुर कसाई बाड़ा थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर है। जिसके द्वारा 4 बच्चा व बच्चो की मां का निर्मम हत्या कर दिया गया था घायल बदमाश के दाहिने हाथ में एक अदद पिस्टल .32 बोर बरामद हुआ बदमाश व घायल पुलिस कर्मियों को जीवन रक्षा व बेहतर इलाज के लिए तत्काल मुठभेड़ के बाद सीएचसी अकबरपुर भेजा गया। सीएचसी के लिए रवाना व0उ0नि0 अरमनाथ यादव द्वारा बताया गया कि अस्पताल पँहुचने पर घायल बदमाश आमिर को डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया है बदमाश आमिर उपरोक्त का यह कृत्य धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की हद पहुचता है। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 288/26 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

मुठभेड मे मृत अभियुक्त—

1-आमिर पुत्र जान मोहम्मद निवासी मीरानपुर कसाई बाड़ा थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0—258/21 धारा 3/5/8 गोवधि निवा0 अधि0 थाना को0 अकबरपुर

मु0अ0सं0-508/21 धारा 302/201 भा0द0वि0 थाना को0 अकबरपुर अ0नगर

मु0अ0सं0-517/24 धारा 64(1)/109(1) बीएनएस व 3(2)v sc/st act थाना को0 अकबरपुर

मु0अ0सं0-519/24 धारा 109(1) बीएएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना को0अकबरपुर

मु0अ0सं0-286/26 धारा 103(1)/328 बीएनएस

मु0अ0सं0-288/26 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट

बरामदगी का विवरण—

एक अदद पिस्टल .32 बोर व 07 अदद खोखा व 02 अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर

एक अदद मोटरसाईकिल इंजन नम्बर HA10AGHL37713 व चेचिस नम्बर MBLHARO73HHL30679

गिरफ्तारी स्थान– सुडारी अफजलपुर के मोड़

- **मुठभेड का दिनांक –04.05.2026 समय– 05.55 बजे**
- **मुठभेड मे शामिल पुलिस टीम-**

श्रीनिवास पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक को0अकबरपुर

व0उ0नि0 अमरनाथ यादव,

उ0नि0 अजय कुमार,

उ0नि0 यादव राजेश रामदेव

उ0नि0 जयप्रकाश यादव प्रथम,

का0 नरेन्द्र कुमार,

का0 सोनू यादव

एसओजी प्रभारी संजय कुमार पाण्डेय मय हमराह

उ0नि0 अजीत कुमार पाण्डेय,

हे0का0 प्रभात मौर्या,

हे0का0 विकास ओझा,

का0 महेश प्रताप सिंह ,

का0 अमित कुमार तिवारी

का0 अमरेश यादव

सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 श्री विनोद यादव मय हमराह

हे0का0 सुनील कुमार,

का0 द्रियांशु यादव,

का0 जाकिर हुसैन,

का0 राहुल

का0 बिजेन्द्र यादव